श्री बंशीधर नगर गुरुवार
02.07.2026
आषाढ़ कृष्णपक्ष तृतीया संवत 2084
वर्ष : 04, अंक : 309

**सूर्योदय-सूर्यास्त**
उदय - 05:10 बजे
अस्त - 06:48 बजे

**तापमान**
अधिकतम : 33 डिग्री से.
न्यूनतम : 26 डिग्री से.

बंशीधर न्यूज
कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...



डिजिटल अखबार www.banshidharnews.com
ग्राहकों का विश्वास ही बैंक की सबसे बड़ी पूंजी >> पेज 03 'टॉक्सिक' का नया वीडियो 'लेडीज एंड लेडीज'... >> पेज 05

## सुविचार

दूसरों को छोटी-छोटी ज़िन्दगी जीने दो, लेकिन तुम नहीं। दूसरों को छोटी-छोटी बातों पर बहस करने दो, लेकिन तुम नहीं। दूसरों को छोटी-छोटी चोटों पर रोने दो, लेकिन तुम नहीं।

## न्यूज अपडेट्स

### आईपीएस अधिकारी दीपक गहलावत घूसखोरी मामले में गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने रिश्वतखोरी के एक मामले में आईपीएस अधिकारी दीपक गहलावत को बुधवार को गिरफ्तार किया है। गहलावत वर्तमान में केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस), दिल्ली में तैनात हैं। सीबीआई ने बुधवार को बताया कि इस मामले में 8 जून को दिल्ली पुलिस के एक इंस्पेक्टर और दो निजी व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। जांच के दौरान खुलासा हुआ कि आईपीएस अधिकारी दीपक गहलावत ने निजी व्यक्तियों से रिश्वत की मांग की थी। उन्होंने दावा किया था कि वह अपने व्यक्तिगत प्रभाव का इस्तेमाल कर पुडुचेरी में नकली दवाओं की बिक्री से जुड़े उन मामलों में राहत दिला सकते हैं, जिनकी जांच सीबीआई कर रही है। जांच के दौरान सीबीआई ने पहले दिल्ली पुलिस के इंस्पेक्टर प्रदीप सिंह सहित छह अन्य निजी व्यक्तियों को गिरफ्तार किया था। इस कार्रवाई के दौरान लगभग 25 लाख रुपये की ट्रैप राशि बरामद की गई थी। इसके अलावा करीब 90 लाख रुपये नकद तथा कई आपत्तिजनक दस्तावेज भी जब्त किए गए थे।

**चुप्पी तोड़ी** ▶ **राम मंदिर चढ़ावा चोरी : एकांतवास में चंपत राय बोले-**

# कलंक लेकर नहीं जाऊंगा, अयोध्या में सेवा हुई पूरी

**लखनऊ :** राम मंदिर चढ़ावा चोरी प्रकरण के बीच श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पूर्व महासचिव चंपत राय को लेकर नया घटनाक्रम सामने आया है। सूत्रों के मुताबिक, एकांतवास में रह रहे चंपत राय ने अपने कुछ करीबियों से बातचीत में कहा कि अयोध्या में उनकी सेवा पूरी हो गई है और वह कलंक लेकर नहीं जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि उनके भरोसे के साथ विश्वासघात हुआ है। सूत्रों के अनुसार, एसआईटी जांच के दौरान चंपत राय राम मंदिर परिसर स्थित तीर्थ क्षेत्र भवन के ऊपरी हिस्से में ही रह रहे



हैं। जब से जांच शुरू हुई है तब से वह यहीं पर हैं। चढ़ावा चोरी प्रकरण सामने आने के बाद से चंपत लगातार सवालों के घेरे में रहे हैं। मामले की जांच जारी रहने के बीच उन्होंने ट्रस्ट के महासचिव पद से इस्तीफा भी दे दिया है। तब से उनका कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। हालांकि सूत्र बताते हैं कि उन्होंने करीबियों से चोरी प्रकरण में कई बातें कही हैं। जिसमें ये भी कहा कि उनकी इसमें भूमिका नहीं रही। जिस दिन पता चला कि ऐसा हो रहा है तुरंत कार्रवाई शुरू की गई।

### संघ की रिपोर्ट तैयार, आला कमान को भेजा गया फीडबैक

राम मंदिर में चढ़ावा चोरी प्रकरण से उपजे हालात को लेकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) भी सक्रिय है। सूत्रों के अनुसार, संघ के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने लगभग एक सप्ताह तक अयोध्या में प्रवास कर पूरे घटनाक्रम का फीडबैक लिया। इस दौरान उन्होंने साधु-संतों, सामाजिक संगठनों, स्थानीय नागरिकों और राम मंदिर ट्रस्ट से जुड़े विभिन्न पक्षों से बातचीत कर स्थिति का आकलन किया। बताया जा रहा है कि इस आधार पर तैयार की गई विस्तृत रिपोर्ट संघ के शीर्ष नेतृत्व को भेज दी गई है। सूत्रों के मुताबिक, राम मंदिर में चढ़ावे की गणना और प्रबंधन से जुड़ी कथित अनियमितताओं के सामने आने के बाद संघ ने पूरे मामले को गंभीरता से लिया। इसी क्रम में क्षेत्र प्रचारक अनिल, प्रांत प्रचारक कौशल सहित अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी अयोध्या पहुंचे। आधिकारिक तौर पर उनका दौरा संघ के एक वर्ग कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बताया गया, लेकिन प्रवास के दौरान उन्होंने विभिन्न स्तरों पर लोगों से मुलाकात कर फीडबैक भी जुटाया। बताया जाता है कि इस दौरान संत समाज के प्रमुख प्रतिनिधियों, रामभक्तों, सामाजिक कार्यकताओं, स्थानीय नागरिकों और मंदिर व्यवस्था से जुड़े जानकारों से अलग-अलग बातचीत की गई। बातचीत के दौरान यह जानने का प्रयास किया गया कि चढ़ावा प्रकरण को लेकर उनकी क्या राय है और राम मंदिर ट्रस्ट की कार्यप्रणाली के प्रति उनकी क्या धारणा बनी है। सूत्रों के अनुसार, फीडबैक के दौरान ट्रस्ट की प्रशासनिक व्यवस्था, कार्यप्रणाली में पारदर्शिता, चढ़ावे की गणना प्रक्रिया और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के उपायों पर भी विस्तार से चर्चा हुई। सभी प्रतिक्रियाओं और तथ्यों को संकलित कर एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार की गई है, जिसे संघ के शीर्ष नेतृत्व को भेजा गया है। माना जा रहा है कि इस रिपोर्ट के आधार पर संगठन स्तर पर आगे आवश्यक सुझाव या निर्णय लिए जा सकते हैं।

## हिमांशु हत्याकांड में पूर्वी सिंहभूम के एसएसपी व सरायकेला की एसपी हटाए गए

**जमशेदपुर।** बिष्टुपुर स्थित डबल डाउन (डीडी) बार के बाहर करणी सेना नेता हिमांशु सिंह की हत्या के बाद झारखंड सरकार ने बड़ा प्रशासनिक कदम उठाते हुए पूर्वी सिंहभूम के वरीय पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) पीयूष पांडेय और सरायकेला-खरसावां की पुलिस अधीक्षक (एसपी) निधि द्विवेदी को तत्काल प्रभाव से उनके पदों से हटा दिया है। दोनों अधिकारियों को पुलिस मुख्यालय से संबद्ध कर दिया गया है। दोनों पति-पत्नी हैं। राज्य सरकार ने कोल्हान क्षेत्र की कानून-व्यवस्था पर विशेष निगरानी के लिए एडीजी मनोज कौशिक, कोल्हान आयुक्त रवि रंजन विक्रम और कोल्हान डीआईजी अनुरंजन किस्पोट्टा को जिम्मेदारी सौंपी है। तीनों वरिष्ठ अधिकारी बुधवार से जमशेदपुर में कैंप कर हालात की लगातार समीक्षा करेंगे। इससे पहले कर्तव्य में लापरवाही के आरोप में बिष्टुपुर थाना प्रभारी आलोक कुमार दुबे को निलंबित कर दिया गया था। उनकी जगह निरंजन कुमार को नया थाना प्रभारी बनाया गया है। जांच में पाया गया कि घटना के दौरान सीसीआर वैन और थाना पुलिस के बीच समन्वय का अभाव था तथा सूचना मिलने के बावजूद थाना प्रभारी ने मामले को गंभीरता से नहीं




लिया और घटनास्थल पर समय पर नहीं पहुंचे। घटना के बाद आक्रोशित परिजनों को भी अपेक्षित सहयोग नहीं मिल पाया। प्रशासन ने डबल डाउन बार का लाइसेंस भी रद्द कर परिसर को सील कर दिया है। इधर, मंगलवार देर रात तत्कालीन एसएसपी पीयूष पांडेय आदित्यपुर स्थित हिमांशु सिंह के आवास पहुंचे और परिजनों से अंतिम संस्कार करने का अनुरोध किया, लेकिन परिजनों ने साफ इनकार कर दिया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि बुधवार शाम 5 बजे तक मुख्य आरोपी का एनकाउंटर नहीं हुआ तो पूरे शहर में चक्का जाम किया जाएगा। इससे पहले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और डीजीपी तदाशा मिश्रा ने हिमांशु सिंह के पिता अरविंद सिंह से फोन पर बात कर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई का भरोसा दिया। वहीं हमले में गंभीर रूप से घायल प्रत्युष का इलाज कोलकाता के अपोलो अस्पताल में चल रहा है। चिकित्सकों के अनुसार उसकी हालत अब खतरे से बाहर है। मंगलवार दोपहर एडीजी मनोज कौशिक स्वयं जमशेदपुर पहुंचे और एसएसपी कार्यालय में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इसके बाद उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच की प्रगति का जायजा लिया तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। पुलिस ने मामले में सोमवार देर रात गम्हरिया से अर्जुन लोहार को गिरफ्तार किया है, जबकि मुख्य आरोपी विश्वनाथ मंडल की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। जिला प्रशासन ने मजिस्ट्रेट की निगरानी में मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम की प्रक्रिया भी पूरी कराई है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जानकारी देते हुए कहा कि पूर्वी सिंहभूम के एसएसपी एवं सरायकेला के एसपी को शहर में कानून-व्यवस्था बनाए रखने में विफलता तथा आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण नहीं कर पाने के कारण तत्काल प्रभाव से हटाया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनता की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और अपराधियों के साथ-साथ लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ भी कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

**दीपक की पोस्ट से भवनाथपुर की राजनीति में बढ़ी हलचल**

# आखिर क्या राज खोलेंगे दीपक प्रताप



**नीलू चौबे**

4 जुलाई का दिन भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र की राजनीति के लिहाज से काफी अहम है। झामुमो के युवा नेता व भोजपुर गढ़ प्रमुख दीपक प्रताप देव उस दिन अपने राजनीतिक भविष्य को लेकर बड़ा ऐलान कर सकते हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर श्री देव और उनके समर्थकों के विद्रोही पोस्ट ने क्षेत्र की राजनीति में सियासी टेम्परेचर बढ़ा दी है। उक्त पोस्ट के बाद विधायक अनंत प्रताप देव एवं पूर्व विधायक भानू प्रताप शाही दोनों खेमों के बीच चर्चा का बाजार गर्म है। चाय दुकान, नुक्कड़, चौक चौराहों पर भी खूब चर्चा हो रही है। सबसे ज्यादा चर्चा उनके उस बयान की हो रही है जिसमें उन्होंने लिखा है कि बहुत से राज खुलने बाकी हैं। इस एक लाईन ने सियासी गलियारों में कई तरह की अटकलों को जन्म दे दिया है।

यहां बताते चलें कि झामुमो के युवा नेता दीपक प्रताप देव ने अपने आधिकारिक फेसबुक पोस्ट में घोषणा की है कि वे आगामी 4 जुलाई की दोपहर 2 बजे अपने आवास भोजपुर गढ़ में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे। राजनीति के जानकारों की मानें तो पिछले चुनाव में अनंत प्रताप देव के विधायक बनने के बाद से ही राजनीतिक समीकरण बदलने लगे थे। चुनावी जीत के करीब छह महीने बाद से ही तिकड़ी माने जाने वाले नेताओं के बीच अंदरखाने से मतभेद होने की खबरें सामने आने लगी थीं। लेकिन डेढ़ वर्ष के भीतर स्थिति अब इतनी गंभीर हो गई है कि दीपक प्रताप देव के समर्थक सोशल मीडिया पर खुलकर विधायक अनंत प्रताप देव एवं पूर्व विधायक भानू प्रताप शाही पर निशाना साध रहे हैं। साथ ही वर्तमान एवं पूर्व से पावर प्लांट एवं सीमेंट प्लांट के बारे में जवाब मांग रहे हैं। ऐसे में 4 जुलाई को भोजपुर गढ़ में आयोजित होने वाले प्रेस कॉन्फ्रेंस को लेकर चर्चा जोरों पर है। उधर प्रेस कॉन्फ्रेंस की तैयारी भी जोर शोर से हो रही है। दीपक प्रताप देव एवं उनके प्रमुख सिपहसालार क्षेत्र के प्रमुख लोगों को प्रेस कॉन्फ्रेंस में आने का निमंत्रण दे रहे हैं। अब सबकी नजर इस बात पर टिकी है कि आखिर दीपक प्रताप देव 4 जुलाई को कौन सा राज खोलने वाले हैं? उस राज का आने वाले चुनावी समीकरणों पर क्या असर पड़ेगा। यह सब 4 जुलाई को ही पता चल पायेगा।

### वज्रपात से दो बहनों की मौत

**दुमका।** जिले के काठीकुंड प्रखंड के बिछियापहाड़ी (बूढ़ीडंगाल) गांव में मंगलवार रात आकाशीय बिजली की चपेट में आने से दो सगी बहनों की मौत हो गई, जबकि उनका भाई घायल हो गया। मृतक बहनों की पहचान शिवलाल मुर्मू की पुत्री मिरु मुर्मू (11) और अनीता मुर्मू (06) के रूप में हुई है। वहीं उनके भाई देवीलाल मुर्मू का उपचार चल रहा है। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। घटना की जानकारी मिलते ही सांसद प्रतिनिधि जॉन सोरेन पीड़ित परिवार के घर पहुंचे। उन्होंने दिवंगत बच्चियों को श्रद्धांजलि अर्पित की, शोकाकुल परिजनों को ढांढस बंधाया और तत्काल आर्थिक सहायता प्रदान की।

# पुलिस मुखबिरों की हत्या मामले में हाई कोर्ट ने पूर्व विधायक पॉलस सुरिन और नक्सली जेठा कच्छप को किया बरी




**रांची।** झारखंड उच्च न्यायालय ने खूंटी जिले के तोरपा थाना क्षेत्र में वर्ष 2013 में पुलिस मुखबिर होने के आरोप में भुषण कुमार सिंह और राम गोबिंद की हत्या के मामले में फैसला सुनाते हुए सजायाफ्ता पूर्व विधायक पौलूस सुरीन और नक्सली जेठा कच्छप को बरी कर दिया है। अदालत ने दोनों की ओर से निचली अदालत के फैसले के खिलाफ दायर क्रिमिनल अपील स्वीकार करते हुए आजीवन कारावास की सजा को निरस्त कर दिया। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति रंगन मुखोपाध्याय की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में हुई। दोनों पक्षों की दलीलें पूरी होने के बाद न्यायालय ने फैसला सुरक्षित रख लिया था, जिसे बुधवार को सुनाया गया। खंडपीठ ने साक्ष्यों और पक्षकारों की दलीलों पर विचार करने के बाद दोनों अपीलकताओं को दोषमुक्त कर दिया। पूर्व विधायक पौलूस सुरीन की ओर से वरीय अधिवक्ता बी.एम. त्रिपाठी तथा अधिवक्ता नवीन कुमार जायसवाल ने पैरवी की, जबकि नक्सली जेठा कच्छप की ओर से अधिवक्ता मनोज चौबे ने न्यायालय में पक्ष रखा। गौरतलब है कि इससे पहले रांची की अपर न्यायायुक्त दिनेश कुमार की अदालत ने इस दोहरे हत्याकांड में पौलूस सुरीन और जेठा कच्छप को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। अदालत ने जेठा कच्छप पर 45 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया था तथा जुमार्ना अदा नहीं करने की स्थिति में एक वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगतने का आदेश दिया था। अभियोजन के अनुसार, वर्ष 2013 में खूंटी जिले के तोरपा क्षेत्र में पुलिस मुखबिर होने के आरोप में भुषण कुमार सिंह और राम गोबिंद की उनके घर के सामने बने चबूतरे पर अंधाधुंध गोलीबारी कर हत्या कर दी गई थी। इस घटना के संबंध में कर्रा थाना में कांड संख्या 27/2013 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में पूर्व विधायक पौलूस सुरीन, नक्सली जेठा कच्छप, कृष्णा महतो, पीएफएलआई सुप्रीमो दिनेश गोप सहित अन्य आरोपितों के विरुद्ध आरोपपत्र दाखिल किया था। मुकदमे के दौरान अभियोजन पक्ष ने अपने आरोपों के समर्थन में 12 गवाहों के बयान दर्ज कराए, जबकि बचाव पक्ष की ओर से एक गवाह पेश किया गया।

## न्यूज अपडेट्स

### रांची ट्रैफिक पुलिस ने जून में काटे 1,24,144 चालान, 9.50 करोड़ जुर्माना

**रांची।** रांची में सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के पालन को लेकर ट्रैफिक पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में जून में 9.50 करोड़ के चालान जारी हुए हैं। ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले लोगों के खिलाफ जोरदार कार्रवाई की जा रही है। एक जून से 30 जून तक चले विशेष अभियान के दौरान यातायात पुलिस ने कुल 1,24,144 वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की और लगभग 9.50 करोड़ रुपये के जुमार्ना लगाया है। रांची के ट्रैफिक एसपी राकेश सिंह ने बुधवार को इस मामले में जानकारी देते हुए बताया कि ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ पुलिस बेहद सख्त है। ट्रैफिक नियमों के पालन के लिए पहले जागरुकता अभियान चलाया गया था, अब चालान काटा जा रहा है। यह कार्रवाई शहर के लगभग हर प्रमुख चौक-चौराहे और व्यस्त मार्गों पर नियमित निगरानी के साथ की गई है। ट्रैफिक पुलिस के आंकड़े बताते हैं कि सबसे अधिक चालान बिना हेलमेट दोपहिया चालकों के खिलाफ काटे गए। इसमें 58,743 मामले सामने आए हैं। वहीं अवैध पार्किंग कर यातायात बाधित करने पर 50,500 चालान काटे गए। रेड लाइट उल्लंघन (लाल बत्ती पार करने) के 4,612 चालान काटे गए, तेज गति से वाहन चलाने (ओवरस्पीड) के 2,118 चालान काटे गए, अतिरिक्त सवारी बैठाने पर 1,359 चालान, नो-एंट्री का उल्लंघन करने पर 1,312 चालान और गलत दिशा में वाहन चलाने पर 866 चालकों के खिलाफ चालान काटे गए हैं।

**शपथ ग्रहण** छह वर्ष बाद सक्रिय होगा झारखंड राज्य सूचना आयोग

# राज्यपाल ने चार सूचना आयुक्तों को दलाई शपथ



**रांची।** झारखंड में करीब छह वर्ष बाद राज्य सूचना आयोग फिर पूरी क्षमता के साथ काम करने की दिशा में आगे बढ़ गया है। बुधवार को राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने लोकभवन के दरबार हॉल में आयोजित समारोह में चार नवनियुक्त राज्य सूचना आयुक्तों अनुज सिन्हा, तनुज खत्री, अमूल्य नीरज खलखो और शिवपूजन पाठक को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इन नियुक्तियों के साथ ही लंबे समय से ठप पड़ी आयोग की नियमित सुनवाई दोबारा शुरू होने की उम्मीद बढ़ गई है। समारोह की शुरूआत राज्य के मुख्य सचिव अविनाश कुमार द्वारा राज्य सूचना आयुक्तों की नियुक्ति संबंधी वारंट के वाचन से हुई। इसके बाद राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव डॉ. नितिन कुलकर्णी ने क्रमवार सभी नवनियुक्त सूचना आयुक्तों को शपथ ग्रहण के लिए आमंत्रित किया और राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने सभी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, राज्यसभा सांसद बैजनाथ राम और महुआ माजी, राज्य सरकार में मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर सहित कई जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ अधिकारी और गणमान्य लोग उपस्थित रहे। शपथ ग्रहण के बाद राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने सभी नवनियुक्त सूचना आयुक्तों को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनके सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। चार नए सूचना आयुक्तों की नियुक्ति के साथ झारखंड राज्य सूचना आयोग के नियमित कामकाज में तेजी आने की उम्मीद है। लंबे समय से लंबित मामलों की सुनवाई दोबारा शुरू होगी, जिससे सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम के तहत दायर हजारों अपीलों और शिकायतों के निस्तारण का रास्ता साफ होगा। उल्लेखनीय है कि 8 मई 2020 को तत्कालीन प्रभारी मुख्य सूचना आयुक्त हिमांशु शेखर चौधरी का कार्यकाल समाप्त होने के बाद आयोग में नियमित सुनवाई लगभग ठप हो गई थी। आयोग में पर्याप्त सूचना आयुक्त नहीं होने के कारण अपीलों और शिकायतों का निस्तारण प्रभावित हुआ। वर्तमान में आयोग में लगभग 25 हजार अपीलें लंबित हैं। इसके अलावा प्रतिदिन जिला स्तर से लगभग 100 ऑनलाइन और ऑफलाइन अपीलें प्राप्त होने से लंबित मामलों का बोझ लगातार बढ़ता गया। झारखंड राज्य सूचना आयोग का गठन सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत राज्य सरकार ने 24 जुलाई 2006 को किया था। राज्य के पहले मुख्य सूचना आयुक्त सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति हरि शंकर प्रसाद बने थे। उन्होंने 30 जुलाई 2006 को पद एवं गोपनीयता की शपथ ग्रहण की थी और 30 जून 2008 तक इस पद पर कार्य किया। उनके साथ नियुक्त अन्य छह सूचना आयुक्त जुलाई 2011 तक आयोग में कार्यरत रहे।

गौरतलब है कि राज्य सरकार के कार्मिक विभाग ने 10 जून को चार नए सूचना आयुक्तों की नियुक्ति संबंधी अधिसूचना जारी की थी। राज्यपाल की स्वीकृति के बाद सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 15(3) के तहत अनुज सिन्हा, तनुज खत्री, अमूल्य नीरज खलखो और शिवपूजन पाठक की नियुक्ति की गई थी।

## आईसीएआई के 78 वें स्थापना दिवस पर रांची शाखा में रक्तदान शिविर



**रांची।** दि इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) के 78 वें स्थापना दिवस के अवसर पर आईसीएआई की रांची शाखा ने बुधवार को शाखा परिसर में आईसीएआई का ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर राष्ट्र निर्माण, सामाजिक सेवा और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करते हुए शाखा पौधारोपण अभियान का शुभारंभ, रक्तदान शिविर, नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर एवं स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। ध्वजारोहण के बाद रांची शाखा के अध्यक्ष सीए अनीश जैन ने कहा कि आईसीएआई केवल एक पेशेवर संस्था नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की सशक्त भागीदार है। उन्होंने कहा कि चार्टर्ड अकाउंटेंट्स वित्तीय अनुशासन, पारदर्शिता और सुशासन के माध्यम से देश की आर्थिक प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। उन्होंने सभी सदस्यों और सीए विद्यार्थियों से समाज के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए सेवा, पर्यावरण संरक्षण और जनकल्याण के कार्यों में निरंतर सक्रिय सहभागिता निभाने का आह्वान किया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि रांची शाखा भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी कार्यक्रमों के माध्यम से समाज के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और अधिक सशक्त बनाएगी। स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित रक्तदान शिविर और नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन सैमफोर्ड हॉस्पिटल के सहयोग से किया गया। रक्तदान शिविर में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स और सीए के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए रक्त का संग्रह कराया। वहीं नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में बड़ी संख्या में सदस्यों और उनके परिजनों ने स्वास्थ्य परीक्षण का लाभ उठाया। पौधारोपण अभियान के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर रांची शाखा के पूर्व अध्यक्ष में सीए बिनोद बांका, सीए मनीषा बियानी, सीए महेन्दर जैन, सीए मनीष जैन, सीए उदय जायसवाल, सीए अभिषेक केडिया, सीए प्रवीण शर्मा, सीए पंकज मक्कड़ और सीए संदीप जालान सहित बड़ी संख्या में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स एवं सीए विद्यार्थियों ने उपस्थित होकर विभिन्न कार्यक्रमों में सक्रिय योगदान दिया।

## झारखंड के पांच जिलों में भारी बारिश का येलो अलर्ट



**रांची।** झारखंड में मानसून एक बार फिर सक्रिय हो गया है। मौसम विभाग ने 02 जुलाई को राज्य के पांच जिलों में कहीं-कहीं भारी बारिश की संभावना जताते हुए येलो अलर्ट जारी किया है। राज्य के जिन जिलों के लिए चेतावनी जारी की गई है उनमें लातेहार, लोहरदगा, गुमला, सिमडेगा और पश्चिमी सिंहभूम शामिल हैं। इन क्षेत्रों में भारी बारिश के साथ आकाशीय बिजली गिरने तथा 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की भी आशंका है। मौसम विभाग के अनुसार, 05 और 06 जुलाई को भी राज्य के कई हिस्सों में भारी बारिश की संभावना बनी हुई है। इसे देखते हुए लोगों से खराब मौसम के दौरान सतर्क रहने, अनावश्यक रूप से खुले स्थानों पर नहीं जाने तथा वज्रपात के समय सुरक्षित स्थानों पर शरण लेने की अपील की गई है। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक 84.8 मिलीमीटर वर्षा पश्चिमी सिंहभूम जिले के बहरागोड़ा में दर्ज की गई। अधिकतम तापमान डाल्टनगंज में 36.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जबकि सबसे कम तापमान 20.5 डिग्री सेल्सियस लातेहार में दर्ज हुआ। बुधवार को राजधानी रांची और आसपास के क्षेत्रों में सुबह से ही बादल छाए रहे। दोपहर बाद हल्की बारिश हुई, लेकिन इसके बावजूद लोगों को गर्मी और उमस से खास राहत नहीं मिली। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, बुधवार को रांची का अधिकतम तापमान 28.4 डिग्री और न्यूनतम तापमान 22.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जमशेदपुर में अधिकतम 32.4 डिग्री और न्यूनतम 27.4 डिग्री, डाल्टनगंज में 36.6 डिग्री और 24.2 डिग्री, बोकारो में 34.1 डिग्री और 24.5 डिग्री तथा चाईबासा में अधिकतम 29.8 डिग्री और न्यूनतम 25.0 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

## मांडर में सुतली बम से हमला करने के आरोप में तीन गिरफ्तार

**रांची।** राजधानी रांची के मांडर में 30 जून को सुबह कुलदीप खलखो के घर पर किसी अज्ञात अपराधी की ओर से सुतली बम फेंका गया था जिससे घर का छत टूट गया। पुलिस को घर से बाहर एवं छत पर तीन जिंदा सुतली बम पड़ा हुआ मिला। ग्रामीण एसपी गौरव गोस्वामी ने बताया कि मामले की जानकारी मिलते ही खलारी पुलिस उपाधीक्षक आरएन चौधरी के नेतृत्व में छापेमारी टीम का गठन किया गया। पुलिस ने घटनास्थल ग्राम-बोण्डो स्थित कुलदीप खलखो के घर पर पहुंची तो देखा कि घर के दक्षिण तरफ एक फटा हुआ देसी सुतली बम का अवशेष बिखरा हुआ है और घर के आस-पास तीन जिंदा सुतली बम पड़े हुए हैं। पुलिस टीम की ओर से कागजी कार्रवाई पूरी कर तीनों बम को बीडीएस टीम की मदद से निष्क्रिय किया गया और कुलदीप खलखो एवं उनके परिजनों से विस्तार से पूछताछ की गई। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए घटना में शामिल समीर केरकेट्टा को महज छह घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया। इसके स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर इटकी, बेड़ो थाना क्षेत्र में छापेमारी कर कांड में शामिल सरीता कुजूर, तबरेज अंसारी को गिरफ्तार किया गया एवं दो विधि विरूद्ध किशोर को निरूद्ध किया गया। साथ ही मामले में इस्तेमाल किया गया 02 मोबाईल फोन एवं 01 मोटरसाईकिल को जब्त किया गया। अनुसंधान के क्रम में घटना के कारण के संबंध में पता चला कि कांड के वादी कुलदीप खलखो का संबंध एक वर्ष पूर्व सरीता कुजूर से था लेकिन बीच में सरीता कुजूर अभियुक्त समीर केरकेट्टा के साथ प्रेम करने लगी और उसी के साथ रहने लगी। जिस कारण कुलदीप खलखो एवं समीर केरकेट्टा के बीच मतभेद हो गया था। इसी बात को लेकर कुलदीप खलखो की हत्या करने के नियत से उपरोक्त सभी अभियुक्तों के जरिये एक साजिश के तहत कुलदीप खलखो के सोने वाले कमरे के छत पर चार देसी सुतली बम फेंका गया, लेकिन फेके गए बम से किसी की जान माल की क्षति नहीं हुई।

**हिमांशु सिंह हत्याकांड के खिलाफ भाजपा उतरेगी सड़क पर, प्रदेश अध्यक्ष ने किया ऐलान**

# भाजपा का आज मशाल जुलूस व कल जमशेदपुर बंद



**रांची।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने जमशेदपुर में करणी सेना नेता हिमांशु सिंह की हत्या और राज्य की कानून-व्यवस्था को लेकर झारखंड सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि जमशेदपुर की घटना केवल एक हत्या नहीं, बल्कि कानून के शासन पर सीधा हमला है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है और अपराधियों में कानून का कोई भय नहीं रह गया है। बुधवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में आदित्य साहू ने घोषणा की कि जमशेदपुर की घटना के विरोध और राज्य की बिगड़ती कानून-व्यवस्था के खिलाफ 2 जुलाई की शाम को जमशेदपुर में भाजपा एवं आम जनता के नेतृत्व में मशाल जुलूस निकाला जाएगा। इसके अलावा 3 जुलाई को जमशेदपुर बंद का आह्वान किया गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि राज्य सरकार और पुलिस प्रशासन ने जल्द प्रभावी कदम नहीं उठाए तो भाजपा पूरे झारखंड बंद का भी आह्वान करेगी।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि जमशेदपुर की घटना ने पूरे राज्य को झकझोर दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि अपराधियों ने एक युवक पर जानलेवा हमला किया, उसे दौड़ा-दौड़ाकर पीटा और जब वह अपनी जान बचाने के लिए पुलिस वाहन में घुस गया, तब भी अपराधी उसे पुलिस के सामने वाहन से बाहर खींचकर ले गए और उसकी हत्या कर दी। उन्होंने कहा कि पूरे घटनाक्रम के दौरान पुलिस मूकदर्शक बनी रही, जो राज्य की कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

साहू ने कहा कि पुलिस की मौजूदगी में पुलिस वाहन से किसी व्यक्ति को बाहर निकालकर उसकी हत्या कर देना इस बात का प्रमाण है कि अपराधियों के मन में कानून का कोई डर नहीं बचा है। उन्होंने इसे राज्य सरकार और पुलिस प्रशासन की बड़ी विफलता बताया।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने मांग की कि घटना के समय ड्यूटी पर मौजूद दोषी पुलिस अधिकारियों और कर्मियों के खिलाफ भी हत्या का मामला दर्ज किया जाए। उन्होंने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की हत्या से संबंधित धाराओं के तहत कठोर कार्रवाई करते हुए सभी जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मियों को जेल भेजने की मांग की। साथ ही उन्होंने हत्या के सभी आरोपितों की तत्काल गिरफ्तारी तथा मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में कराने की मांग भी उठाई।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने राज्य सरकार से झारखंड की बिगड़ती कानून-व्यवस्था पर श्वेत पत्र जारी करने और अपराध नियंत्रण के लिए स्पष्ट कार्ययोजना सार्वजनिक करने की भी मांग की। उन्होंने दावा किया कि पिछले छह वर्षों में झारखंड में 10,113 दुष्कर्म, 11 हजार से अधिक अपहरण, 60 हजार से ज्यादा चोरी, लगभग 9,300 हत्याएं तथा करीब 2.80 लाख संज्ञेय अपराध दर्ज किए गए हैं। उन्होंने कहा कि ये आंकड़े राज्य में कानून-व्यवस्था की गंभीर स्थिति को दशार्ते हैं।

प्रेसवार्ता में भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी योगेन्द्र प्रताप सिंह, प्रदेश प्रवक्ता अविनेश सिंह तथा दीनदयाल बरनवाल भी उपस्थित थे।

# मेराल : दो अलग-अलग हादसों में दो की मौत, रघुराई राम ने जताया शोक



बंशीधर न्यूज

मेराल : प्रखंड के संगवरिया पंचायत में मंगलवार का दिन बेहद दुखद रहा। पंचायत में हुई दो अलग-अलग घटनाओं में एक युवक की डैम में डूबने से मौत हो गई। जबकि एक महिला ने कथित रूप से कीटनाशक दवा का सेवन कर आत्महत्या कर ली। दोनों घटनाओं से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। इन दोनों घटनाओं पर अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कर्मचारी संघ गढ़वा के जिलाध्यक्ष रघुराई राम ने गहरा दुःख व्यक्त किया है। कहा कि ग्राम बनुवा निवासी मेघनाथ सिंह के लगभग 28 वर्षीय पुत्र ओमप्रकाश सिंह की खैरवा डैम में स्नान के दौरान गहरे पानी में डूब जाने से मौत हो गई। वहीं दूसरी घटना संगवरिया पंचायत के राजहरा मुस्लिम टोला की है। यहां क्यामुद्दीन अंसारी के पुत्र अनवर अंसारी की पत्नी रवीना बीबी ने घरेलू विवाद के बाद कथित रूप से कीटनाशक दवा का सेवन कर लिया। गंभीर हालत में उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। रघुराई राम ने कहा कि दोनों घटनाएं अत्यंत हृदय विदारक हैं। इन हादसों से दो मासूम बच्चों के सिर से माता-पिता का साया उठ गया है, जिससे दोनों परिवारों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। उन्होंने दोनों मृतकों के घर पहुंचकर शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात की, उन्हें ढांढस बंधाया और अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त की। साथ ही दोनों के अंतिम संस्कार में शामिल हुये।

## न्यूज अपडेट्स

### 12 साल पुराने मामले में तीन दोषियों को 10-10 वर्ष का कठोर कारावास

**श्री बंशीधर नगर :** अनुमंडलीय न्यायालय नगर ऊंटारी के जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय मनोज कुमार शर्मा की अदालत ने विशुनपुरा थाना कांड संख्या 47/2014 (एसटी-135/16) के मामले में फैसला सुनाते हुये तीन दोषियों को 10-10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने भारतीय दंड संहिता की धारा 304(1)/34 के तहत दोषी पाये गये हरि सिंह, ललिता कुमारी एवं श्रुति देवी सभी विशुनपुरा थाना क्षेत्र के सारंग गांव के रहने वाले हैं। तीनों को पर 10-10 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया है। जुमार्ना नहीं देने की स्थिति में 6 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। यह फैसला 30 जून 2026 को सुनाया गया। मामला वर्ष 2014 में दर्ज विशुनपुरा थाना कांड संख्या 47/2014 से संबंधित है।

### ट्रेन की चपेट में आने से छात्रा की मौत

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र में बुधवार को एक दर्दनाक रेल हादसे में एक छात्रा की मौत हो गई। हुसैनाबाद के जपला रेलवे स्टेशन से लगभग आधा किलोमीटर दूर बक्शी हाई स्कूल के समीप रेलवे ट्रैक पार करने के दौरान छात्रा तेज रफ्तार ट्रेन की चपेट में आ गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतका की पहचान देवरी ओपी क्षेत्र के सोनपुरवा गांव निवासी सतेंद्र की पुत्री बबीता कुमारी के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग घटनास्थल पर जुट गए और तत्काल पुलिस को जानकारी दी। हादसे के बाद पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई, जबकि परिजनों तक सूचना पहुंचते ही घर में कोहराम मच गया।

**कार्यक्रम** एसबीआई का मना 71वां स्थापना दिवस, शाखा प्रबंधक ने कहा

# ग्राहकों का विश्वास ही बैंक की सबसे बड़ी पूंजी

बंशीधर न्यूज




**श्री बंशीधर नगर :** भारतीय स्टेट बैंक की श्री बंशीधर नगर शाखा में बुधवार को बैंक का 71 वां स्थापना दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ पेंशनर शारदा महेश प्रताप देव, पेंशनर समाज के अनुमंडल अध्यक्ष गजाधर पांडेय एवं बैंक के मैनेजर सरोज कुमार केसरी ने संयुक्त रूप से केक काटकर किया। तत्पश्चात अतिथियों समेत बैंक अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बैंक की निरंतर प्रगति, उत्कृष्ट ग्राहक सेवा और बेहतर कार्य संस्कृति को और मजबूत बनाने का सामूहिक संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान शाखा प्रबंधक सरोज कुमार केसरी ने कहा कि भारतीय स्टेट बैंक देश का सबसे बड़ा सार्वजनिक क्षेत्र का बैंक है और ग्राहकों का विश्वास ही इसकी सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने कहा कि बैंक की सफलता का आधार ग्राहकों की संतुष्टि है। उन्होंने सभी कर्मचारियों से ग्राहकों के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार, पारदर्शी कार्यशैली और बेहतर समन्वय बनाये रखते हुये बैंक को नई ऊंचाईयों तक पहुंचाने का आह्वान किया। बैंक कर्मियों ने ग्राहकों को बैंक की विभिन्न बचत योजनाओं, ऋण सुविधाओं, बीमा सेवाओं और डिजिटल बैंकिंग योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही इंटरनेट बैंकिंग, मोबाईल बैंकिंग, यूपीआई और अन्य डिजिटल सेवाओं के सुरक्षित एवं प्रभावी उपयोग के प्रति भी जागरूक किया गया। इसके पूर्व बैंक के स्थापना दिवस को लेकर बैंक को बैलून से खूबसूरत तरीके से सजाया गया था। उस मौके पर बैंक के फील्ड ऑफिसर, पेंशनर समाज के कोषाध्यक्ष शिवनारायण चौबे, राजकिशोर प्रताप देव, रिटायर्ड दारोगा गिरिवर राम, देवकुमार, आनंद कमलापुरी, संतोष कमलापुरी, प्रदीप शुक्ला समेत कई लोग मौजूद थे।

# प्रधानमंत्री व उप-प्रधानमंत्री ने ली शपथ


### मध्य विद्यालय चेचरिया में बाल संसद गठित

बंशीधर न्यूज



**उंटारी रोड :** प्रखंड के मध्य विद्यालय चेचरिया में लोकतांत्रिक मूल्यों एवं नेतृत्व क्षमता के विकास के उद्देश्य से बाल संसद का गठन किया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक विजय कुमार यादव की देखरेख में सभी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों की उपस्थिति में विधिवत बाल संसद का गठन किया गया। कार्यक्रम के दौरान बाल संसद के विभिन्न विभागों के मंत्रियों के साथ प्रधानमंत्री पद के लिये लक्ष्मीकांत ठाकुर तथा उप-प्रधानमंत्री पद के लिये साक्षी प्रिया का चयन किया गया। प्रधानाध्यापक विजय कुमार यादव ने दोनों पदाधिकारियों सहित सभी नवनिर्वाचित छात्र प्रतिनिधियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। उन्होंने कहा कि बाल संसद का उद्देश्य विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, जिम्मेदारी और लोकतांत्रिक मूल्यों का विकास करना है। ताकि वे विद्यालय के संचालन में सक्रिय भागीदारी निभा सकें। मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रामसुंदर विश्वकर्मा, शिक्षक प्रमोद राम, कामेश्वर प्रसाद यादव एवं चिंता राम सहित विद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### जीआरपी ने फरार आरोपी के घर चिपकाया इश्तेहार, कोर्ट में हाजिर होने का निर्देश



**विश्रामपुर :** धनबाद जिला एवं सत्र न्यायाधीश के न्यायालय से निर्गत इश्तेहार के आलोक में गोमो जीआरपी ने फरार आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई तेज कर दी है। गोमो जीआरपी के सहायक अवर निरीक्षक (एएसआई) बाल्मीकि पाठक ने बिहार के डेहरी थाना पुलिस के सहयोग से डेहरी ऑन सोन के पाली रोड स्थित आरोपी पृथ्वीराज के आवास पर न्यायालय का इश्तेहार चिपकाया। कार्रवाई के दौरान मौजूद आरोपी के परिजनों को भी न्यायालय में उसे शीघ्र उपस्थित कराने का निर्देश दिया गया। एएसआई बाल्मीकि पाठक ने बताया कि पाली रोड निवासी पृथ्वीराज गोमो जीआरपी थाना कांड संख्या 20/25 का नामजद आरोपी है और लंबे समय से फरार चल रहा है। न्यायालय के आदेश के अनुपालन में उसके घर पर इश्तेहार चस्पा किया गया है। उन्होंने कहा कि निर्धारित अवधि के भीतर आरोपी के न्यायालय में उपस्थित नहीं होने पर उसके विरुद्ध विधि सम्मत आगे की कार्रवाई की जायेगी।

### डॉक्टर्स डे पर वॉक फॉर लाईफ और रक्तदान शिविर का आयोजन




**गढ़वा :** डॉक्टर्स डे के अवसर पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) गढ़वा के तत्वावधान में बुधवार को सदर अस्पताल से समाहरणालय तक वॉक फॉर लाईफ वॉकाथॉन का आयोजन किया गया। इसके साथ ही स्वैच्छिक रक्तदान शिविर भी लगाया गया, जिसमें चिकित्सकों, स्वास्थ्यकर्मियों, समाजसेवियों और आम लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर में करीब 38 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सिविल सर्जन डॉ जॉन एफ केनेडी ने किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान मानवता की सबसे बड़ी सेवा है। एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद मरीज का जीवन बचा सकता है। उन्होंने स्वस्थ लोगों से नियमित रूप से स्वैच्छिक रक्तदान करने की अपील करते हुये कहा कि इससे न केवल मरीजों को जीवन मिलता है, बल्कि रक्तदाता के स्वास्थ्य पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। उन्होंने आईएमए गढ़वा की इस पहल की सराहना करते हुये इसे समाज के लिये प्रेरणादायी बताया। रक्तदान शिविर में डॉ कुमार निशांत सिंह, डॉ सुष्मिता रोबा, डॉ टी पीयूष, डॉ स्नेहलता, डॉ पी कसमूर और डॉ अशोक सहित कई चिकित्सकों ने स्वयं रक्तदान कर लोगों को प्रेरित किया। परमेश्वरी मेडिकल सेंटर के कर्मचारी शशि यादव, संतोष कुमार, रामप्रवेश कुमार सहित करीब 15 कर्मचारियों ने भी रक्तदान किया। वहीं एचडीएफसी बैंक के शाखा प्रबंधक अमित शुक्ला ने भी रक्तदान कर सामाजिक जिम्मेदारी निभाई। आईएमए गढ़वा के अध्यक्ष डॉ असजद अंसारी, सचिव डॉ नीतू सिंह सहित जिले के अनेक चिकित्सक, स्वास्थ्यकर्मी, समाजसेवी एवं स्वयंसेवक उपस्थित थे।

### चापानल मरम्मती के नाम पर तीन हजार रुपये मांगने का आरोप, डीसी से शिकायत

**विश्रामपुर :** प्रखंड के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के एक कनीय अभियंता पर सरकारी चापानल की मरम्मत कराने के नाम पर तीन हजार रुपये की अवैध मांग करने का आरोप लगाया गया है। मामले को लेकर केतात कला गांव निवासी सतीश कुमार चौबे ने डीसी के जन समाधान कार्यक्रम में आवेदन देकर जांच कर दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की है। आवेदक का कहना है कि जेई श्रीकांत कुमार के द्वारा चापानल मरमती के नाम पर उनसे तीन हजार रुपये की मांग की गई है। सतीश का कहना है कि सरकारी चापानल की मरम्मत के लिये लाभुक से राशि मांगना नियमों के विरुद्ध है। उन्होंने आवेदन में कहा है कि उनकी आर्थिक स्थिति ऐसी नहीं है कि वे यह राशि दे सकें। जबकि उक्त चापानल से गांव के सैकड़ों लोग पेयजल प्राप्त करते हैं। उधर इस संबंध में पूछे जाने पर जेई श्रीकांत कुमार ने बताया कि सरकारी चापानलों की मरम्मत विभागीय प्रावधानों के तहत कराई जाती है। उन्होंने लाभुक से किसी प्रकार की अवैध राशि मांगने के आरोप से इनकार किया है।

**पांच मौतों के बाद भी नहीं जागा स्वास्थ्य तंत्र : केएन त्रिपाठी**

# सिक्का त्रासदी की उच्चस्तरीय जांच हो

बंशीधर न्यूज



**मेदिनीनगर :** पंडवा प्रखंड के सिक्का गांव में एक ही परिवार के पांच सदस्यों की रहस्यमयी बीमारी से हुई मौत के बाद पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने बुधवार को गांव पहुंचकर पीड़ित परिवार एवं ग्रामीणों से मुलाकात की। उन्होंने घटना पर गहरा शोक जताते हुए राज्य सरकार और स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए तथा पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की। केएन त्रिपाठी ने कहा कि मेदिनीनगर शहर से महज 15 किलोमीटर दूर स्थित गांव में एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हो जाना स्वास्थ्य व्यवस्था की गंभीर विफलता को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि 5 जून से ही परिवार के सदस्यों में बीमारी के लक्षण दिखाई दे रहे थे, लेकिन समय रहते बीमारी की पहचान और समुचित इलाज नहीं हो सका। यदि स्वास्थ्य विभाग ने तत्परता दिखाई होती तो शायद कई जिंदगियां बचाई जा सकती थीं। ग्रामीणों ने बताया कि इलाज के लिए पीड़ित परिवार ने अपनी पूरी जमीन तक बंधक रख दी, लेकिन इसके बावजूद परिवार को नहीं बचाया जा सका। अब परिवार के छोटे बेटे में भी बीमारी के लक्षण मिलने पर उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पूरे गांव में दहशत का माहौल है और लोग अज्ञात बीमारी के डर से सहमे हुए हैं। पूर्व मंत्री ने कहा कि मेडिकल कॉलेज का दर्जा मिलने के बावजूद मेदिनीनगर की स्वास्थ्य व्यवस्था आम लोगों की अपेक्षाओं पर खरी नहीं उतर रहा है। उन्होंने राज्य सरकार से गांव में विशेष मेडिकल टीम भेजकर सभी ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच कराने, बीमारी के कारणों का वैज्ञानिक पता लगाने, इलाजरत मरीजों को बेहतर चिकित्सा उपलब्ध कराने तथा पीड़ित परिवार को तत्काल मुआवजा एवं आर्थिक सहायता देने की मांग की। मौके पर चैनपुर के 20 सूत्री अध्यक्ष रंजन कुमार दूबे, सामाजिक कार्यकर्ता रामप्रवेश सिंह सहित कई लोग मौजूद रहे और पीड़ित परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की।

# डिजिटल रथों से गांव-गांव पहुंचेगी आधुनिक खेती की जानकारी : डीसी



बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर:** किसानों को आधुनिक कृषि तकनीक, वैज्ञानिक खेती और सरकारी योजनाओं से जोड़ने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने बुधवार से 15 दिवसीय डिजिटल कृषि जागरूकता अभियान की शुरूआत की। समाहरणालय परिसर से डीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने तीन डिजिटल कृषि जागरूकता रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये रथ जिले के सभी प्रखंडों और ग्राम पंचायतों में पहुंचकर किसानों को उन्नत खेती की तकनीक एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी देंगे। डीसी ने कहा कि अभियान का उद्देश्य किसानों तक कृषि एवं संबद्ध विभागों की योजनाओं की जानकारी सरल, प्रभावी और तकनीक आधारित माध्यम से पहुंचाना है, ताकि अधिक से अधिक किसान इनका लाभ उठाकर अपनी आय बढ़ा सकें। उन्होंने किसानों से अपील की कि जागरूकता रथ गांव पहुंचने पर वे किसान संगोष्ठियों में शामिल होकर कृषि विशेषज्ञों और विभागीय अधिकारियों से आधुनिक खेती की जानकारी प्राप्त करें। अभियान के दौरान डिजिटल माध्यमों से उन्नत बीज, फसल विविधीकरण, जल संरक्षण, कृषि यंत्रीकरण, जैविक एवं प्राकृतिक खेती जैसी आधुनिक तकनीकों की जानकारी दी जाएगी। प्रत्येक पंचायत में आयोजित किसान संगोष्ठी में मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन, पशुपालन, डेयरी, मत्स्य पालन तथा अन्य आयवर्धक गतिविधियों के साथ सरकारी योजनाओं की पात्रता, आवेदन प्रक्रिया और तकनीकी सहायता की भी विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी।

## न्यूज अपडेट्स

### मिलाप मेडिकल हॉस्पिटल में 60 मरीजों की हुई नि:शुल्क जांच

**गढ़वा :** राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर बुधवार को शहर के मिलाप मेडिकल हॉस्पिटल में भारत के प्रख्यात चिकित्सक डॉ विधान चंद्र राय की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर अस्पताल परिसर में केक काटकर डॉक्टर डे मनाया गया और चिकित्सा सेवा के प्रति समर्पण एवं मानवता की भावना के साथ कार्य करने का संकल्प लिया गया। साथ ही नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 60 मरीजों की जांच कर उन्हें नि:शुल्क दवाइयां उपलब्ध कराई गईं। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया। साथ ही लोगों को नियमित स्वास्थ्य जांच कराने, संतुलित जीवनशैली अपनाने और बीमारियों के प्रति जागरूक रहने का संदेश भी दिया गया। अस्पताल के चिकित्सक डॉ असजद अंसारी ने कहा कि डॉक्टर के लिये सबसे बड़ा पुरस्कार मरीज के चेहरे पर लौटने वाली मुस्कान होती है। उन्होंने कहा कि अस्पताल का उद्देश्य हर जरूरतमंद तक बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है। डॉ महजबी यमनी ने कहा कि डॉक्टर डे सेवा, समर्पण और मानवता के मूल्यों को और मजबूत करने की प्रेरणा देता है तथा मरीजों का विश्वास ही चिकित्सकों की सबसे बड़ी पूंजी है। डॉ शमशेर सिंह ने कहा कि समय पर जांच और उचित उपचार से कई गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है। वहीं डॉ सुमित प्रसाद ने लोगों से नियमित स्वास्थ्य जांच कराने और चिकित्सकीय सलाह का पालन करने की अपील की। डॉ पल्लवी सिंह ने कहा कि प्रत्येक मरीज के प्रति संवेदनशील व्यवहार और गुणवत्तापूर्ण उपचार ही एक चिकित्सक की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है।

## गढ़वा — शिक्षा समाज व राष्ट्र निर्माण की सबसे बड़ी शक्ति : डीसी

# शिक्षा व्यवस्था में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

### विद्यालयों में नियमित निरीक्षण के दिये निर्देश

बंशीधर न्यूज



**गढ़वा :** जिले में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बुधवार को टाउन हॉल में डीसी पशुपति नाथ मिश्रा की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की जिला स्तरीय समीक्षात्मक बैठक आयोजित हुई। बैठक में शिक्षा विभाग के विभिन्न योजनाओं और प्रदर्शन सूचकांकों (इंडिकेटर्स) की विस्तार से समीक्षा की गई। लक्ष्य के अनुरूप कार्य नहीं करने वाले अधिकारियों पर डीसी ने कड़ी नाराजगी जताते हुये स्पष्ट कहा कि शिक्षा व्यवस्था में किसी भी स्तर की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, सभी बीईईओ, बीपीओ, बीपीएम, बीआरपी, सीआरपी, एमआईएस को-ऑर्डिनेटर तथा विद्यालयों के प्रधानाचार्यों से योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली गई। डीसी ने सभी अधिकारियों को नियमित रूप से विद्यालयों का निरीक्षण करने तथा छात्र एवं शिक्षक उपस्थिति में सुधार लाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जिन विद्यालयों में छात्र उपस्थिति मानक से कम मिलेगी, वहां के जिम्मेदार अधिकारियों से स्पष्टीकरण लिया जायेगा। समीक्षा के दौरान कंपोजिट जिला रैंकिंग, निपुण भारत मिशन, पीएम-श्री विद्यालय, पलाश कार्यक्रम, पीएम पोषण (मध्याह्न भोजन), स्मार्ट क्लास, आधार एवं बायोमेट्रिक अपडेट, स्वास्थ्य जांच, आयरन-फोलिक एसिड वितरण, यू-डायस, आपार आईडी, समग्र शिक्षा सहित विभिन्न योजनाओं की प्रगति पर चर्चा की गई। डीसी ने मध्याह्न भोजन योजना के तहत निर्धारित मेन्यू के अनुसार पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने तथा सभी योजनाओं का समयबद्ध एवं पारदर्शी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में बिना यू-डायस कोड वाले निजी विद्यालयों के विद्यार्थियों का सरकारी विद्यालयों में नामांकन कर आपार आईडी बनाये जाने के कारण जिले की रैंकिंग प्रभावित होने का मुद्दा भी उठा। इस पर डीसी ने ऐसे बच्चों के अभिभावकों को जागरूक करने तथा सरकारी विद्यालयों में नियमित रूप से उपस्थित नहीं होने वाले विद्यार्थियों के संबंध में नियमानुसार कार्रवाई का प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया। इस दौरान झारखंड शिक्षा परियोजना की ओर से गढ़वा लर्नस, गढ़वा लीड्स अभियान की शुरूआत की गई। डीसी ने कहा कि शिक्षा केवल ज्ञान का माध्यम नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र निर्माण की सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने शिक्षकों से सकारात्मक सोच के साथ कार्य करते हुये शैक्षणिक और सह-शैक्षणिक गतिविधियों को नई ऊंचाई तक पहुंचाने का आह्वान किया। बैठक में डीडीसी प्रेमलता मुर्मू, डीईओ कैसर रजा, डीएसई अनुराग मिंज, सभी बीईईओ, बीपीओ, बीपीएम, बीआरपी, सीआरपी, एमआईएस को-ऑर्डिनेटर, विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य तथा शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट में डॉक्टर दिवस व सीए दिवस मनाया गया



**गढ़वा :** शहर के ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट स्कूल में बुधवार को राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट दिवस संयुक्त रूप से मनाया गया। विद्यालय के प्रार्थना सभागार में आयोजित कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को दोनों दिवसों के महत्व से अवगत कराया गया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक मदन प्रसाद केशरी ने डॉक्टरों एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट्स के समाज और राष्ट्र निर्माण में योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। निदेशक ने कहा कि देश के प्रसिद्ध चिकित्सक एवं पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ विधान चंद्र राय का जन्म और निधन दोनों ही 1 जुलाई को हुआ था। उनके चिकित्सा क्षेत्र में अतुलनीय योगदान को सम्मान देने के लिये प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस मनाया जाता है। चार्टर्ड अकाउंटेंट दिवस के अवसर पर उन्होंने कहा कि यह दिन देश के वित्तीय और व्यावसायिक विकास में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की भूमिका को सम्मान देने का अवसर है। उन्होंने कहा कि सीए अपने ज्ञान, विशेषज्ञता और नैतिक मूल्यों के बल पर वित्तीय व्यवस्था को पारदर्शी और मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। राष्ट्रीय स्तर पर लेखा-जोखा और वित्तीय प्रबंधन को सुव्यवस्थित रखने में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, जिससे देश की आर्थिक गतिविधियां सुचारू रूप से संचालित होती हैं। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका नीरा शर्मा ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन संतोष प्रसाद ने किया। मौके पर विद्यालय के समस्त शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## फाईलेरिया पीड़ित युवक की मदद को आगे आया डालसा



**गढ़वा :** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण रांची के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा द्वारा संचालित 90 दिवसीय आउटरीच जागरूकता अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में जरूरतमंद लोगों को विधिक एवं सामाजिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। इसी क्रम में पीएलवी राजेश कुमार चौधरी ने रंका प्रखंड के गासेदाग गांव निवासी फाइलेरिया पीड़ित युवक सकेंद्र कुमार भुइयां की सहायता के लिये पहल की। जानकारी के अनुसार सकेंद्र कुमार भुइयां (22) पिछले कई वर्षों से फाईलेरिया जैसी गंभीर बीमारी से पीड़ित हैं। बीमारी के कारण उनके पैर में अत्यधिक सूजन आ गई है, जिससे उन्हें चलने-फिरने में काफी परेशानी होती है। पीएलवी ने पीड़ित से मुलाकात कर उसकी समस्याओं की जानकारी ली और इलाज के साथ-साथ दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाने की प्रक्रिया जल्द शुरू कराने का आश्वासन दिया। रंका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक डॉ नीतीश कुमार एवं डॉ कृष्ण कुमार ने बताया कि फाईलेरिया संक्रमित मादा क्यूलेक्स मच्छर के काटने से फैलने वाला गंभीर रोग है। समय पर उपचार नहीं मिलने पर शरीर के अंग, विशेषकर पैर, असामान्य रूप से सूज जाते हैं और हाथी के पैर जैसे दिखाई देने लगते हैं। पंकज कुमार विश्वकर्मा एवं तरुण विश्वास ने बताया कि पीड़ित का पहले भी इलाज चल रहा था, लेकिन समय पर दवा नहीं लेने और नियमित देखभाल नहीं होने के कारण उसकी स्थिति गंभीर हो गई। फिलहाल चिकित्सकीय निगरानी में उसे आवश्यक दवाएं, इंजेक्शन और फाइलेरिया किट उपलब्ध कराई गई है।

## सेवानिवृत्त हुये पूर्व प्रभारी प्रधानाध्यापक राजेश्वर ठाकुर



**केतार :** छाताकुंड प्लस टू उच्च विद्यालय में सेवानिवृत्त पूर्व प्रभारी प्रधानाध्यापक राजेश्वर ठाकुर के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में विद्यालय परिवार, शिक्षक, कर्मचारी, छात्र-छात्राओं एवं क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने काफी संख्या में भाग लेकर उनके लंबे, समर्पित एवं प्रेरणादायी शैक्षणिक जीवन को सम्मानपूर्वक याद किया। समारोह के दौरान विद्यालय परिवार की ओर से राजेश्वर ठाकुर को शॉल ओढ़ाकर, पुष्पगुच्छ एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। मौके पर वक्ताओं ने कहा कि राजेश्वर ठाकुर ने अपने कार्यकाल के दौरान शिक्षा की गुणवत्ता, अनुशासन एवं नैतिक मूल्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। उन्होंने विद्यालय के विकास के लिये लगातार प्रयास किये और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके सरल स्वभाव, कर्मनिष्ठा एवं विद्यार्थियों के प्रति स्नेहपूर्ण व्यवहार ने उन्हें सभी के बीच लोकप्रिय बनाया। वक्ताओं ने उनके शिक्षक जीवन के साथ-साथ पारा शिक्षकों के हित में किये गये संघर्षों का भी उल्लेख किया। बताया गया कि उन्होंने लगभग 20 वर्षों तक राज्य स्तर पर पारा शिक्षकों की विभिन्न मांगों को लेकर सक्रिय भूमिका निभाई तथा 50 प्रतिशत पारा शिक्षकों को नियुक्ति में आरक्षण दिलाने के आंदोलन में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। राजेश्वर ठाकुर ने विद्यालय परिवार के प्रति आभार व्यक्त करते हुये कहा कि इस विद्यालय में बिताया गया हर पल उनके जीवन की अमूल्य धरोहर रहेगा। मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष प्रभुनाथ राम, शिक्षक शैलेश कुमार, नरेश कुमार गुप्ता, अंबुज कुमार, भरत प्रसाद, ब्रजेश कुमार राय, संजय कुमार मिश्रा, मोहम्मद तस्लीम, सुनील कुमार, दीनानाथ मेहता, अनुज कुमार कमलापुरी, आशीष पाठक, राजेश राम, बिनोद पाल सहित विद्यालय के अन्य शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## एसआईआर में लापरवाही पर होगी कार्रवाई

# हर हाल में समय पर पूरा करें कार्य : डीसी

बंशीधर न्यूज



**मेदिनीनगर :** एसआईआर अभियान के तहत मतदाता सूची अद्यतन कार्य में किसी भी स्तर की लापरवाही पर संबंधित अधिकारियों और कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई होगी। डीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित समीक्षा बैठक में यह स्पष्ट चेतावनी देते हुए गणना प्रपत्र वितरण और डिजिटलीकरण कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। समीक्षा के दौरान विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में गणना प्रपत्र वितरण एवं डिजिटलीकरण की प्रगति अपेक्षा से धीमी मिलने पर डीसी ने नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि 30 जून से बीएलओ घर-घर जाकर गणना प्रपत्र वितरित कर रहे हैं। इसके बाद सभी प्रपत्रों का समयबद्ध डिजिटलीकरण कर बीएलओ मोबाइल एप पर अद्यतन करना अनिवार्य है। डीसी ने सभी एआरओ को प्रतिदिन शाम पांच बजे बीएलओ और पर्यवेक्षकों के साथ समीक्षा बैठक कर कार्य की सतत निगरानी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग के इस महत्वपूर्ण अभियान में शिथिलता, उदासीनता या अनावश्यक विलंब किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। प्रत्येक पात्र मतदाता तक गणना प्रपत्र पहुंचाना और निर्धारित समय सीमा के भीतर उसका डिजिटलीकरण पूरा करना सभी संबंधित अधिकारियों की प्राथमिक जिम्मेदारी है।



## 'टॉक्सिक' का नया वीडियो 'लेडीज एंड लेडीज' रिलीज

अभिनेता यश की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'टॉक्सिकः ए फेयरीटेल फॉर ग्रोन-अप्स' का नया वीडियो 'लेडीज एंड लेडीज' जारी कर दिया गया है। इस वीडियो के जरिए फिल्म की दुनिया को और विस्तार दिया गया है, जिसमें कहानी की ताकतवर महिला किरदारों की पहली दमदार झलक देखने को मिलती है। रहस्य, स्टाइल, एक्शन और पावर से भरपूर यह वीडियो साफ संकेत देता है कि फिल्म में महिला किरदार कहानी की दिशा तय करते नजर आएंगे। इसके साथ ही यश एक बार फिर हाई-इम्पैक्ट एक्शन अवतार में दिखाई देते हैं। वीडियो में नयनतारा, कियारा आडवाणी, तारा सुतारिया, रुक्मिणी वसंत और हुमा कुरैशी अपने-अपने प्रभावशाली अंदाज में नजर आती हैं। हर किरदार की अलग पहचान और व्यक्तित्व को खास अंदाज में पेश किया गया है। वीडियो की शुरूआत एक अनोखी चेतावनी से होती है, जिसमें कहा जाता है कि यह दुनिया बच्चों के लिए नहीं है। इसके बाद रहस्य, विद्रोह और शक्ति से भरे दृश्य फिल्म के डार्क और स्टाइलिश माहौल की झलक पेश करते हैं। महिला वॉइस-ओवर पूरे वीडियो को और प्रभावशाली बनाता है।

## 'वेलकम टू द जंगल' की बॉक्स ऑफिस पर दहाड़ बरकरार




अभिनेता अक्षय कुमार की मल्टीस्टारर कॉमेडी फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन कर रही है। फिल्म ने रिलीज के पांचवें दिन भी मजबूत पकड़ बनाए रखते हुए घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 9.25 करोड़ रुपये का कारोबार किया। खास बात यह रही कि यह कमाई चौथे दिन के 8.50 करोड़ रुपये से अधिक रही। इसके साथ ही भारत में फिल्म का कुल नेट कलेक्शन 81.50 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है, जबकि वैश्विक स्तर पर फिल्म 120 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर चुकी है। सैकनिल्क के अनुसार फिल्म को पांचवें दिन रात के शो में सबसे ज्यादा दर्शक मिले, जहां 44.54 प्रतिशत ऑक्यूपेंसी दर्ज की गई। वहीं शाम के शो में 31.54 प्रतिशत, दोपहर के शो में 27 प्रतिशत और सुबह के शो में 13.15 प्रतिशत ऑक्यूपेंसी रही। लगातार बढ़ती दर्शक संख्या से साफ है कि फिल्म को दर्शकों का अच्छा समर्थन मिल रहा है और वर्ड ऑफ माउथ का भी इसे फायदा मिल रहा है। निर्देशक अहमद खान की इस फिल्म ने कमाई के मामले में अक्षय कुमार की पिछली फिल्म 'भूत बंगला' समेत कई हालिया रिलीज फिल्मों को पीछे छोड़ दिया है। 'भूत बंगला' ने पहले पांच दिनों में करीब 72 करोड़ रुपये, 'राजा शिवाजी' ने 44.40 करोड़ रुपये, 'कॉकटेल 2' ने 61 करोड़ रुपये और 'पति पत्नी और वो 2' ने 24.25 करोड़ रुपये का कारोबार किया था।

## राजस्थान के दौसा में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर ट्रक से टकराई बस, आठ की मौत



# हमारा मकसद स्वदेशी तरीकों से युद्ध जीतना होगा : आर्मी चीफ

### नए सेनाध्यक्ष जनरल धीरज सेठ ने कार्यभार संभालने के बाद पिता और छोटे भाई को किया सैल्यूट



**नई दिल्ली।** नए सेनाध्यक्ष जनरल धीरज सेठ को कार्यभार संभालने के बाद बुधवार को पहला गार्ड ऑफ ऑनर साउथ ब्लॉक लॉन्स में दिया गया। इसके बाद उन्होंने अपने पिता लेफ्टिनेंट जनरल केएम सेठ (सेवानिवृत्त) और छोटे भाई रियर एडमिरल रविनीश सेठ को सैल्यूट किया। अपने पहले भाषण में उन्होंने कहा कि हमारा सबसे बड़ा मकसद स्वदेशी तरीकों का इस्तेमाल करके युद्ध जीतना होगा। हम अपनी सीमाओं और उभरते खतरों के बारे में लगातार विजिलेंस बनाए रखेंगे और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए किसी भी चुनौती का असरदार तरीके से मुकाबला करने के लिए ऑपरेशनल रेडीनेस का हाई लेवल बनाए रखेंगे। नेशनल डिफेंस एकेडमी, खड़कवासला के पुराने स्टूडेंट जनरल सेठ आर्म्ड कोर के पहले ऑफिसर हैं, जो 1997 में 20 लांसर्स के जनरल शंकर रॉय चौधरी के रिटायरमेंट के बाद आर्मी चीफ बने हैं। वे एक जाने-माने सैन्य परिवार से आते हैं। उनके पिता लेफ्टिनेंट जनरल केएम सेठ 1997 में आर्मी के एडजुटेंट जनरल के पद से रिटायर हुए थे, जब नए आर्मी चीफ खुद कैप्टन थे। उनके भाई रियर एडमिरल रविनीश सेठ भारतीय नौसेना में फ्लैग ऑफिसर के तौर पर कार्यरत हैं। जनरल सेठ को सैन्य क्षेत्र में जमीनी और ऑपरेशन पर फोकस करने वाले कमांडर के तौर पर जाना जाता है। उन्होंने उसी भोपाल-बेस्ड 21 स्ट्राइक कोर को कमांड किया है, जिसे कभी उनके पिता लीड करते थे। पदभार संभालने के बाद आर्मी चीफ जनरल धीरज सेठ ने कहा कि आज जब मैं भारतीय सेना के 31वें चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ का पद संभाल रहा हूं, तो यह मेरे लिए गर्व और विनम्रता का पल है। ड्यूटी, ऑनर और नेशन फर्स्ट के आदर्शों के प्रति पक्के कमिटमेंट के साथ मैं यह जिम्मेदारी स्वीकार करता हूं। मैं उन बहादुर सैनिकों को भी अपनी विनम्र श्रद्धांजलि देता हूं, जिन्होंने देश की सेवा में सर्वोच्च बलिदान दिया। उनकी हिम्मत, ड्यूटी के प्रति समर्पण और निःस्वार्थ समर्पण आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा। जनरल धीरज सेठ ने भारतीय सेना को तकनीक से चलने वाली भविष्य के लिए तैयार फोर्स बनाने का वादा किया। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना का नेतृत्व करना और 'ड्यूटी, ऑनर और नेशन फर्स्ट' के आइडियल्स के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराना 'गर्व और विनम्रता' की बात है। आर्मी चीफ ने कहा कि इस बदलते सुरक्षा माहौल की चुनौतियों से निपटने के लिए हमें नए जोश और पक्के इरादे के साथ सेना की आधुनिकता को आगे बढ़ाना होगा। हमारा मकसद प्रौद्योगिकी समर्थित भविष्य के लिए तैयार सेना बनाना है, जो हर तरह से सशक्त हो और कई डोमेन में काम करने में सक्षम हो। इन मकसदों को ध्यान में रखते हुए उन्होंने कहा कि इनोवेशन हमारी सोच, ऑपरेशनल तरीकों और कैपेबिलिटी डेवलपमेंट का एक जरूरी हिस्सा होगा। इसके अलावा हम बदलते युद्ध क्षेत्र के हिसाब से ढलने के लिए जरूरी बदलाव लागू करेंगे। आर्मी चीफ ने जनरल उपेंद्र द्विवेदी समेत अपने पहले के आर्मी चीफ के बारे में कहा कि उनके विजन और लीडरशिप में भारतीय सेना मजबूत और भरोसेमंद फोर्स के तौर पर विकसित हुई है। भारतीय सेना की ऑपरेशनल प्रभावशीलता बढ़ाने के लिए हम वायु सेना और नौसेना के साथ पूरा तालमेल बनाए रखेंगे। यह तरीका हमें 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य की ओर ले जाएगा। देश में बनी स्वदेशी क्षमताओं और टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करके हम एक आत्मनिर्भर सेना बनाएंगे। हमारा सबसे बड़ा मकसद स्वदेशी तरीकों का इस्तेमाल करके युद्ध जीतना होगा। उन्होंने कहा कि मेरी परिभाषा में सबसे नए अग्निवीर से लेकर सबसे वरिष्ठ वयोवृद्ध तक हर कोई योद्धा है और ये योद्धा हमारी सेना की सबसे बड़ी ताकत हैं।

## बाईक एवं टेम्पो की हुई भिड़ंत में एक बच्चे की मौत, चार गंभीर



**श्री बंशीधर नगर :** श्री बंशीधर नगर-मुरीसेमर मुख्य मार्ग पर यहां हलिवंता गांव के समीप बुधवार को बाईक एवं टेम्पो की हुई भिड़ंत में एक सात वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। जबकि बाईक एवं टेंपू पर सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची एनएचएआई की एंबुलेंस से सभी घायलों को इलाज के लिये अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुये सदर अस्पताल रेफर कर दिया। मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश के विंढमगंज निवासी सनोज पासवान के सात वर्षीय पुत्र कुमकुम पासवान के रूप में हुई है। हादसे में उसके पिता सनोज पासवान, माता चिंता देवी, थाना क्षेत्र के बिलासपुर गांव निवासी 50 वर्षीय लिलो कुंवर तथा सुलसुलिया गांव निवासी सुधीर कुमार रवानी गंभीर रूप से घायल हो गये हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी जोरदार थी कि बैटरी संचालित टेंपू सड़क पर पलट गई और दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। बताया जाता है कि सनोज पासवान अपनी पत्नी के साथ मेराल स्थित हॉस्टल से अपने बेटे को लेकर बाईक से अपने घर विंढमगंज (उत्तर प्रदेश) लौट रहे थे। इसी दौरान हलिवंता गांव के समीप बाईक की सामने से आ रहे बैटरी संचालित टेंपू से आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसा वाहन के गलत दिशा में आने के कारण बताया जा रहा है। उधर घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को जब्त कर थाना ले आई। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। उधर बच्चे की असमय मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## पहली बार डूरंड कप की मेजबानी करेगी रांची, 26 जुलाई से बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में होंगे रोमांचक मुकाबले

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची पहली बार देश के प्रतिष्ठित डूरंड कप-2026 की मेजबानी करेगी। एशिया के सबसे पुराने और दुनिया के तीसरे सबसे पुराने फुटबॉल टूर्नामेंट के 135वें संस्करण के लिए रांची को मेजबान शहर के रूप में चुना गया है। इसे झारखंड के खेल इतिहास और राज्य में फुटबॉल के बढ़ते विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। डूरंड कप-2026 का शुभारंभ 25 जुलाई से होगा, जबकि रांची में मुकाबलों का आयोजन 26 जुलाई से 16 अगस्त तक बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में किया जाएगा। यहां लीग चरण के कई रोमांचक मुकाबलों के साथ एक क्वार्टर फाइनल मैच भी खेला जाएगा, जिससे राज्य के फुटबॉल प्रेमियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की टीमों का खेल देखने का अवसर मिलेगा। रांची में होने वाले मुकाबलों में इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) की टीम जमशेदपुर एफसी, स्पोर्टिंग क्लब दिल्ली, भारतीय वायुसेना फुटबॉल टीम तथा पहली बार डूरंड कप में भाग ले रही श्रीलंका सशस्त्र बलों की टीम डिफेंडर्स एफसी सहित कई टीमें अपनी चुनौती पेश करेंगी। इन टीमों की मौजूदगी से प्रतियोगिता का स्तर और प्रतिस्पर्धा दोनों ही आकर्षक रहने की उम्मीद है। इस वर्ष डूरंड कप में कुल 24 टीमें हिस्सा ले रही हैं। प्रतियोगिता के मुकाबले कोलकाता, रांची, इम्फाल, शिलांग और गुवाहाटी में आयोजित किए जाएंगे। रांची को मेजबानी मिलने से झारखंड में फुटबॉल को नई पहचान मिलने के साथ स्थानीय खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों को भी प्रेरणा मिलेगी। साथ ही राज्य में खेल अवसंरचना और खेल पर्यटन को भी बढ़ावा मिलने की संभावना है। डूरंड कप-2026 का फाइनल मुकाबला 23 अगस्त को कोलकाता के विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन में खेला जाएगा। आयोजकों को उम्मीद है कि रांची में होने वाले मुकाबलों को लेकर खेल प्रेमियों में उत्साह रहेगा और बड़ी संख्या में दर्शक स्टेडियम पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करेंगे।

### इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उत्तर प्रदेश के अपर मुख्य सचिव (गृह) से व्यक्तिगत शपथपत्र तलब किया

# वकील को आरोपी से मिली वकालत की फीस अपराध की आय नहीं : हाईकोर्ट

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक आदेश पारित कर कहा कि किसी आरोपी द्वारा अपने वकील को पेशेवर सेवाओं के बदले दी गई फीस को केवल इस आधार पर अपराध की आय नहीं माना जा सकता कि भुगतान आरोपी ने किया है। जब तक अधिवक्ता स्वयं किसी आपराधिक कृत्य में शामिल न हो तब तक उसकी पेशेवर फीस को अपराध की आय नहीं कहा जा सकता। जस्टिस जे. जे. मुनीर और जस्टिस अरुण कुमार की पीठ उत्तर प्रदेश पुलिस की साइबर सेल द्वारा एक वकील का पूरा बैंक खाता फ्रीज किए जाने के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए हाईकोर्ट ने उत्तर प्रदेश के अपर मुख्य सचिव (गृह) से व्यक्तिगत शपथपत्र तलब किया है। अदालत ने पूछा कि राज्य सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए क्या व्यवस्था करेगी कि पुलिस अधिकारी बैंक



अकाउंट फ्रीज करने की अपनी शक्तियों का ऐसा उपयोग न करें, जिससे न्यायिक प्रक्रिया और अदालतों के कामकाज पर प्रतिकूल प्रभाव पड़े। मामले के अनुसार वकील आयुष बाजपेयी ने हाइकोर्ट का रुख करते हुए कहा कि साइबर सेल ने कथित फर्जी लेनदेन का हवाला देकर उनका बैंक अकाउंट फ्रीज कर दिया है, जबकि खाते में जमा राशि उनके मुवक्किल से मिली पेशेवर फीस थी। सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने कहा कि किसी वकील को उसकी फीस सरकार भी दे सकती है, कोई सम्मानित नागरिक भी और कोई ऐसा व्यक्ति भी जिसके खिलाफ आपराधिक आरोप हों। ऐसे में फीस के स्रोत और वकील की पेशेवर आय के बीच अंतर करना आवश्यक है। अदालत ने कहा, कोई वकील किसी बड़े घोटाले या धोखाधड़ी के आरोपी का भी बचाव कर सकता है, लेकिन यदि ऐसा आरोपी अपने वकील के अकाउंट में फीस जमा करता है, तो उस राशि को अपराध की आय नहीं कहा जा सकता। हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया कि यह राशि अधिवक्ता की वैध पेशेवर आय है, जो उसे अपने विधिक दायित्व निभाने के बदले प्राप्त होती है। बेंच ने कहा, यदि किसी राशि के जमा होने पर वकील का बैंक अकाउंट यह कहकर फ्रीज कर दिया जाए कि वह साइबर धोखाधड़ी या किसी अन्य अपराध की आय है, तो वकीलों के लिए अपने पेशेवर दायित्व निभाना अत्यंत कठिन हो जाएगा। इससे अदालतों का कामकाज भी प्रभावित होगा। हालांकि, अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि कोई वकील स्वयं किसी आपराधिक मामले में शामिल हो और उसके खाते में अपराध से अर्जित धन जमा हो, तो स्थिति अलग होगी। हाईकोर्ट ने अपने हालिया फैसले का हवाला देते हुए दोहराया कि किसी संदिग्ध या फर्जी लेनदेन के आधार पर साइबर सेल पूरे बैंक अकाउंट को फ्रीज नहीं कर सकती। केवल संदिग्ध लेनदेन या अपराध से जुड़ी राशि पर ही कार्रवाई की जा सकती है। अदालत ने पाया कि याचिकाकर्ता अधिवक्ता के अकाउंट में 18 मार्च 2026 को 20 हजार रुपये और 23 अप्रैल 2026 को 3,700 रुपये की तीन अलग-अलग जमा राशियां थीं। खाते में कुल शेष राशि 1,03,071 रुपये थी।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक–धीरेन्द्र चौबे, संपादक–धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)